हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 13 नवंबर 2024
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



खबर संक्षेप

## दुष्कर्म का आरोपी फिरोज गया जेल



**कोण्डागांव।** माकड़ी पुलिस ने मिस्ड कॉल के जरिए युवती को अपने जाल में फंसाकर दुष्कर्म करने वाले फिरोज अहमद को रिपोर्ट के 72 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर न केवल शारीरिक संबंध बनाए, बल्कि उसकी अश्लील तस्वीरें भी खींचीं और इन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी दी। पीड़िता की मां ने इस मामले की शिकायत थाना कोतवाली कोंडागांव में दर्ज करवाई। पीड़िता ने बयान में बताया कि फिरोज अहमद उसे मुंबई धारावी ले गया। उससे अनाचार किया। पीड़ि़ता किसी तरह से वहां से भागकर अपने गृह जिले कोंडागांव पहुंची, जहां उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## जेसीबी मालिक संघ का हुआ गठन

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के जेसीबी मालिकों ने जेसीबी यूनियन का गठन किया। यूनियन के अध्यक्ष सेवालाल चिराम और सचिव सुनील नाग को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य योगेश शोरी, रामनारायण सिन्हा, उमेश नेताम, संतोष जैन, आत्मा नरेटी, आनंद पुड़ो को बनाया गया है। संघ के अध्यक्ष विकासखंड दुर्गूकोंदल के स्थानीय सभी जेसीबी मालिकों सदस्य बनाने और संघ जेसीबी मालिकों को लाभ पहुंचाने ठोस निर्णय लेने की बात कही गई।

# विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम व साइबर अपराध से बचने संबंधी दी जानकारी

### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के छात्र–छात्राओं को विधिक जागरुकता के साथ–साथ शिक्षा के महत्व के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने किया। संचालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कु. गायत्री साय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम के तहत सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता तथा अधिकार मित्र श्रीमती हसीना खान, जरीना बानो, पारेश्वर देंवागन एवं विवेक कश्यप ने कोण्डागांव के स्वामी आत्मानंद स्कूल दहीकोंगा एवं शासकीय हाईसेकेंड्री स्कूल बनियागांव में विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस दौरान उपस्थित छात्र–छात्राओं को बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर वर्ष 11 नवंबर को भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर मनाया जाता है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूती देने और देश में उच्च शिक्षा के प्रसार के लिए उनके अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए यह दिन समर्पित किया गया है। शिविर में विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई जिसमें मुख्यतः बालकों के प्रति लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम, 2019 एवं साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण कानूनी विषय शामिल रहे। विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों एवं इससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई।

जिससे वे भविष्य में कानूनी समस्याओं से निपटने के लिए जागरूक रहें। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से यह विश्वास व्यक्त किया गया कि आगे भी इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कोण्डागांव जिले के सभी विद्यार्थियों को विधिक जागरुकता से लाभान्वित किया जा सके और समाज में कानून का पालन और सुरक्षा को बढ़ावा मिले।



### समाज में हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों के प्रति रहे सतर्क

शिविर के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक जानकारी प्राप्त की और कई जिज्ञासाएं प्रकट कीं। संबंधित अधिकार मित्रों ने जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य टी.पी. जोशी, शिक्षक ज्योति इक्का, अमलेश बारले एवं अन्य शिक्षकों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों में न केवल कानूनी जागरुकता का संचार करती हैं, बल्कि उन्हें समाज में हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों के प्रति सतर्क रहने की प्रेरणा भी देती हैं।

### अभियान : न्यायालय के आदेश के बाद भेजे गए जेल

# कोंडागांव में 16 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भारतीय पुलिस सेवा के निर्देश पर कोण्डागांव क्षेत्र अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशेलेन्द्र देव पटेल के निर्देशन और अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में टीमें गठित की गईं। सघन जांच अभियान चलाया गया। 11 नवंबर को 16 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जो अपनी पहचान छुपाने का प्रयास कर रहे थे। पूछताछ के दौरान इनके संदिग्ध व्यवहार के आधार पर इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। धारा 128 बीएनएसएस के अंतर्गत इस्तगासा तैयार कर इन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद इनका जेल वारंट जारी कर केंद्रीय जेल जगदलपुर भेजा गया। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि देखें तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समाज में शांति और सुरक्षा कायम रहे।



### गिरफ्तार किए गए संदिग्ध के नाम

गिरफ्तार व्यक्तियों में साहिल पुत्र अबरार उम्र 31 वर्ष निवासी बेरूवा जिला रामपुर उत्तर प्रदेश, हसीब पिता मेहबूब उम्र 20 वर्ष निवासी बाकीपुर जटनी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश, मो. वसीम पिता शमीम हुसैन उम्र 22 वर्ष निवासी महलोली जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश, बारिस पिता गफ्फार सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी जलालपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश, इंतजार हुसैन पिता रहिश दूल्हा उम्र 23 वर्ष निवासी सोंडा पोस्ट चितोडी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश, मतीन पिता यासीन उम्र 29 वर्ष निवासी बाकीपुर जटनी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश, मो. फखरूद्दीन पिता मो. सरदीक उम्र 59 वर्ष निवासी इसलामपुर जिला सारसा बिहार, मो. उमर पिता मो. यूनस उम्र 20 वर्ष निवासी केवटगामा जिला दरभंगा बिहार, मो. फिरोज पिता मो. जाहिर उम्र 19 वर्ष निवासी केवटगामा जिला दरभंगा बिहार, मो. यूनूस पिता मो. तसलीम उम्र 54 वर्ष निवासी पछियारीरही केवटगामा जिला दरभंगा बिहार, फरमान पिता नसरुद्दीन उम्र 27 वर्ष जाति तेली निवासी महेलवाला जिला मेरठ उत्तर प्रदेश, वासिल पिता युसुफ उम्र 32 वर्ष निवासी महेलवाला जिला मेरठ उत्तर प्रदेश, रिहान मलिक पिता मोहम्मद यामीन उम्र 28 वर्ष निवासी न्यू इसलामान नगर जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश, वसिम पिता नूर मोहम्मद उम्र 34 वर्ष निवासी महेलवाला जिला मेरठ उत्तर प्रदेश, रिजवान मलिक पिता यामिन उम्र 25 वर्ष निवासी लखीपुरा गली नम्बर 27 जिला मेरठ उत्तर प्रदेश और सान मोहम्मद पिता यामिन उम्र 32 वर्ष निवासी न्यू इसलामान नगर, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

### कार्रवाई में शामिल रहे ये अधिकारी

अभियान को सफल बनाने में सहायक उपनिरीक्षक सुखेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम, आरक्षक तोमेश ठाकुर और आरक्षक सुखीराम राजपूत का विशेष योगदान रहा।

# पुरानी रंजिश को लेकर छात्रावास रसोइयों पर डंडा से किया हमला आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोयलीबेड़ा थानांतर्गत केसेकोड़ी छात्रावास से अपने घर जा रहे रसोईया पर पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए सिर पर डंडा से हमला बोल दिया। रसोईया घायल हो गया, जिसे ईलाज के लिए कोयलीबेड़ा अस्पताल में भर्ती किया गया।

प्राथमिक ईलाज के उपरांत चिकित्सक ने बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रिफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रावास अधीक्षक ने थाना में शिकायत किया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे जुंगड़ा निवासी गणेश आंचले पिता देशीराम ने पुलिस को बताया कि प्री मैट्रिक बालक छात्रावास केसेकोड़ी (बड़पारा) का छात्रावास अधीक्षक हूं। मैं 9 नवंबर शनिवार लगभग शाम 5 बजे छात्रावास रसोइया गुलशन कुमार दुग्गा, बीरसिंह आंचले व टिकेश आंचले तीनों छात्रावास से टिकेश आंचले के घर जा रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर सुंदर आचला गुलशन कुमार दुग्गा को गाली देने लगा और कहने लगा कि तुझे जान से मार दूंगा कहते हुए अपने पास में रखे डंडा से गुलशन कुमार दुग्गा के सिर पर जोरदार हमला कर दिया, जिससे बांए कनपटी में गंभीर चोट आई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोयलीबेड़ा पहुंचाया गया तथा चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद 10 नवंबर को हायर सेंटर कांकेर रिफर कर दिया।

मारपीट की जानकारी बीर सिंह आचले के द्वारा मुझे दिया गया। मैने पूरी घटना की जानकारी लिया और उसके उपरांत थाने में आवेदन दिया गया। घटना के बाद से घायल की हालत गंभीर बनी हुई है,सिर में कितनी चोट आई अभी तक पता नहीं चल सका है। कोयलीबेड़ा पुलिस ने आरोपी सुंदर आंचले के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नरहरपुर कालेज इकाई का थानाबोड़ी में शिविर

# रासेयो स्वंयसेवकों को निशिचत गोल बनाकर कार्य करने किया गया प्रेरित

**कांकेर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ठाकुर भावसिंह कला एवं विज्ञान महाविद्यालय नरहरपुर के तत्वधान में सात दिवसीय शिविर का आयोजन थानाबोड़ी में आयोजित किया जा रहा हैं। शिविर के छठवें दिन के वौद्धिक सत्र में मीडिया जगत से जुड़े पत्रकार और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी शामिल रहे। सात दिवसीय शिविर में 128 स्वंयसेवकों के साथ प्राचार्य डा. लक्ष्मण शुक्ला एवं कार्यक्रम अधिकारी रेहाना शेख लगातार स्वंयसेवकों को प्रेरणा दे रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 4 बजे से रात 9 बजे तक विभिन्न प्रकार से कार्य योजना निर्धारित है। कार्यक्रम में अनुशासन, गांव की साफ सफाई और स्वच्छता से संबंधित अनेक कार्य के साथ भोजन बनाना, मंच संचालन करना, नृत्य प्रस्तुत करना और दोपहर से बौद्धिक चर्चा में विशेष अतिथि के द्वारा मार्गदर्शन शामिल है। शिविर के छठवें दिवस जिले के वौद्धिक चर्चा में हरिभूमि के व्यूरो चीफ विजय कुमार पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।





उन्होने स्वंय सेवकों को मीडिया की भूमिका पर विस्तृत जानकारी देते हुए लोकतंत्र के चार स्तंभ विधायिका, न्यापालिका, कार्यपालिका और चौथा स्तंभ मिडिया के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। अपने संघर्ष और अनुभव को बताया और एक निश्चित गोल के लिए बच्चों का मनोबल बढ़ाया। मुख्य अतिथि ने आज के युवा पीढ़ी को रोजगार और शिक्षा पर भी विशेष प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि रूप में इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े राजकुमार कश्यप और श्रवण बेसरा और महिला बाल विकास विभाग से श्रीमती तरूण देवदास, विजय जैन ग्राम पटेल ग्राम पटेल उपस्थित रहे। बौद्धिक सत्र में उपस्थित सभी अतिथियों ने महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से बौद्धिक चर्चा पर मार्ग दर्शन दिया। इसके अलावा प्रतिदिन की भांति अतिथियों के हाथों से पत्रिका विमोचन कराया गया, जिसमें प्रतिदिन की कार्य और घटना को अखबार की तरह से कोरे कागज में खबर के रूप में प्रकाशित किया गया था, जो बहुत सराहनीय रहा।

# निर्वाचन सूची में संशोधन, 20 तक लेंगे दावा–आपत्ति

**कोण्डागांव।** आगामी नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोंडागांव जिले के नगरपालिका और नगर पंचायत क्षेत्रें में निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए दावा–आपत्तियों का कार्य 13 नवंबर से प्रारंभ किया जाएगा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के तहत यह प्रक्रिया संचालित की जाएगी।

कोंडागांव नगरपालिका के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) और तहसीलदार, और नगर पंचायत केशकाल व फरसगांव के लिए अनुविभागीय अधिकारी केशकाल, फरसगांव और तहसीलदार केशकाल व फरसगांव को संबंधित दावेदारों से आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए इच्छुक व्यक्ति 13 से 19 नवंबर 2024 तक कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन लेंगे। अंतिम तिथि 20 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। प्रत्येक आवेदन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित सूची में 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर सत्यापन के उपरांत स्वीकार किया जाएगा।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का
ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## पेज 09 के शेष...

### बागोड़ एनीकट का...

लगभग 500 से अधिक बोरी में रेत भरकर पानी को रोकने का प्रयास किया है। यह समस्या आने वाले समय में ज्यादा तकलीफ देय न हो जाएं, इसीलिए कलेक्टर ने 12 नवंबर को एनीकट का निरीक्षण किया और हकीकत को जानने का प्रयास किया।

### रिश्तेदारों को विदाई...

रमेश को बोला की सभी मेहमान का बिदाई मैं किया हूं। तुम कौन होते हो हमारे घर में बोलने वाले, यहाँ तुम्हारा कोई हक नही है, बोलकर गाली देने लगा। उसी समय नोहर का लड़का लाकेश गावड़े आया और मेरे गला को पकड़ लिया और जान से मारने की धमकी दिया, तब पास में बैठे पंकज, संदीप, कमल, रमुला बाई, बृज लाल आए और झगड़ा मत करो बोलकर लाकेश को घर के अंदर ले गए, लेकिन लाकेश बार- बार घर से निकलकर आता था और गाली देता था। लाकेश ने कमल नुरूटी के पीठ के दाहिने तरफ को दांत से काटा एवं रमुला बाई के गला को दबा दिया था, जिसे संदीप, पंकज, बृजलाल ने छुड़ाया। लाकेश की मां अनिता बाई ने अपनी सास श्याम बाई, रमुला बाई के साथ गाली गलौजे किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### झरना में गिरने...

कुदराम ने पुलिस को बताया कि 10 अक्टूबर को मृतक अपने मित्र के साथ मलांजकुड़म झरना की ओर घूमने के लिए गया था। झरना में गिर जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### चारपहिया वाहन की...

कांगे को फोन करके घटना के बारे मे पूछताछ किया, तब मेरा भांजा ने बताया कि ग्राम बयानार एवं ग्राम डोंगरकट्टा के बीच मेन रोड मे आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएन 8705 के चालक ने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मुझे व खुलेश कुमार कांगे को एक्सीडेंट कर दिया है। एक्सीडेंट से उसके दाहिने घुटने, कमर एवं खुलेश कुमार कांगे के दाहिना हाथ दाहिना पैर मे चोट आया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज करवाने के चक्कर में उस समय रिपोर्ट नहीं लिखा पाया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

पंचमी पुण्यतिथि (13 नंवबर 2024)



याद बहुत आती हो माँ, कैसे तुम्हें बताऊँ,
सुबह शाम और रात को, कैसे मन को समझाऊं....
तुम थे तो वन उपवन, बंजर भी उद्यान था ।
तुम नही तो सारा जग, लगता है शमशान सा ।।
धरती की दशहरा, दीवाली, हम सब साथ खेले थे होली ।
अब नही आती वह पाली, हम सब मनाते थे खुशहाली।।
वर्षा शरद हेमंत बसंत की, होती थी सुहावनी लोरी।
पर तुम नही तो ये सब, लगती जैसे ढोली।।
सदा सुहागन का वरदान, पति से तुमने पाई।
लक्ष्मी माता के गोर में, तुमने है समाई।।
पंचमी पुण्यतिथि पर मां, तुझे शत शत है प्रणाम।
सदा सुखी रहने का वर देने, तुझसा नही कोई नाम।।

स्व.श्रीमती रामबाई पाण्डेय
जन्म तिथि : 13-07-1950 स्वर्गवास 08-11-2019
डंवरखार(सरोना)

परम पूज्य माताजी
स्व. श्रीमती रामबाई पाण्डेय जी
की पंचमी पुण्यतिथि कार्तिक शुक्ल (द्वादशी)को
पाण्डेय परिवार शत्-शत् नमन करता है।

-: शोकाकुल :-
श्री राधेश्याम पाण्डेय (पति), श्री रामेश्वर पाण्डेय (पुत्र), श्री डॉ. भुवनेश्वर-मीनाक्षी पाण्डेय (पुत्र-वधु), समीर पाण्डेय, सागर पाण्डेय, एवं समस्त पाण्डेय परिवार
फर्म - डॉ. ए.वी. पाण्डेय, बालाजी पैथोलॉजी लैब एवं पद्मनाभ मेडिकल स्टोर्स, ग्राम-बेंवरती

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट
कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 13 नवंबर 2024



10 बस्तर ओलंपिक - 2024 कांकेर ब्लॉक...





10 वीडियो बनाकर वायरल करने वाला ...







Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी को जेल की सलाखों में भेजा



**कांकेर।** बांदे थाना में 11 नवंबर को शिकायत करने पहुंची पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि वह 9 नवंबर को खेत में काम करने गई थी। उसकी नाबालिग बेटी घर में अकेली थी, जिसे आरोपी अनुज साधु द्वारा नाबालिग है जानते हुए भी दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64 (1), 65 (1) बीएनएस संहिता 4 पॉक्सो एक्ट दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भानुप्रतापपुर-पखांजुर पेश किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को जिला जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है।

### पेट्रोल मांगने की बात पर युवक ने कर दी पिटाई

**कांकेर।** पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंची पीव्ही 8 चाण्क्यपुरी निवासी संजिता राय पति स्व. अनाथ बन्धु राय ने पुलिस को बताया कि 8 नवंबर को शाम करीबन साढ़े 5 बजे आरोपी पीव्ही 8 निवासी 55 वर्षीय संजित मण्डल पिता देवेन्द्र मण्डल हमारे घर के सामने आकर बोला कि पेट्रोल कितने रूपए में देते हो। तब वह बोली की मुझे मालूम नहीं, बेटा को पूछने पर दूंगी। आरोपी ने मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और मेरे दांए हाथ में जोर से मारा और वहां से चला गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### झरने में गिरने से युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत मलांजकुडुंम झरना बह जाने से नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम भनसुली निवासी 22 वर्षीय रामदेव मंडावी पिता भक्तुराम का मौत हो गया। फलेश्वर शेष पेज 08 पर

# बागोड़ एनीकट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, व्यवस्था ठीक करने का दिया फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बागोड़ के एनीकट में टो वाल के धसक जाने के कारण कांकेर शहर में कई दिनों तक जलापूर्ति नहीं हो पाई थी। नगर पालिका ने आनन फानन में 500 से अधिक बोरी में रेतभर पानी को रोकने का प्रयास किया, उसके बाद पानी की जलापूर्ति कांकेर शहर को हो पाई। इसी समस्या को स्थायी रूप से निराकरण के लिए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने बागोड़ के एनीकट का निरीक्षण किया और जल संसाधन व नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस समस्या का स्थायी हल निकालने का फरमान जारी किया। जानकारी के अनुसार बागोड़ ग्राम के समीप महानदी में एनीकट बनाकर पानी रोककर इसी पानी से कांकेर शहरवासियों को पानी की आपूर्ति कई साल से हो रही है, परंतु इस बारिश में तेज बारिश होने से एनीकट का टो वाल धसक जाने से पानी रूकने के बजाए उसी तरफ से पूरा पानी निकल जाता है, जिसके चलते नगरीय निकाय का जहाँ प्लांट लगा है। वहाँ पानी नहीं रूकने के चलते कांकेर शहर में कई दिनों तक पानी की सप्लाई बाधित हो गई थी। एनीकट में पानी नहीं रूकने के कारण यह समस्या खड़ी हुई थी, परंतु अब जल संसाधन विभाग एनीकट में पानी रूकने की समस्या को जब तक ठीक नहीं करेगा, तब तक इस समस्या का स्थायी निराकरण नहीं होगा। नगरीय निकाय विभाग अस्थायी हल ढूढ़ते हुए शेष पेज 08 पर

## इरिगेशन और नगरीय निकाय अधिकारियों को मिले निर्देश

- टो वाल के धसक जाने के कारण शहर में कई दिनों तक नहीं हो पाई थी जलापूर्ति



### इरिगेशन व एसडीएम को दिया निर्देश

कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने निरीक्षण करने के दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को समस्या के निराकरण कर शहर में समुचित और सुचारू रूप से जल आपूर्ति के लिए निर्देशित किया। साथ ही एनिकट से रेत को निकालने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए एसडीएम अशोक मारबल को निर्देशित किया।

सुविधा : सरकार ने खरीदी व्यवस्था को कर दिया है हाईटेक, लाइन में नहीं लगना पड़ेगा

# धान पककर तैयार, खरीदी के दिन भी करीब, फसल कटाई में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नए किसान ऑनलाइन टोकन के लिए एप या वेबसाइट का ले सकते हैं सहारा

दीपावली त्यौहार मनाने के बाद किसान फसल धान कटाई में जुट गए हैं। धान कटाई एवं मिंजाई के लिए मजदूर एवं बारदाने आदि की व्यवस्था की जा रही है। जल्द पकने वाला हरूना धान काफी पहले से पककर तैयार हो गया है, जिसे किसान मजदूरों एवं घर परिवार के साथ मिंजाई में जुटे हुए हैं।

जिले के अधिकतम गांवों में धान कटाई के लिए मजदूर नहीं मिलने की बातें भी सामने आ रही है, जिसके कारण हार्वेस्टर का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि अधिकांश बड़े कृषक हार्वेस्टर मशीन से ही धान की कटाई कर रहे है। किसानों ने बताया कि अधिकांश किस्म का धान खेतों में पककर तैयार हो चुका है। सर्मथन मूल्य में 14नवंबर से सरकार धान की खरीदी शुरू करेगी। धान की खरीदी शुरू होने के साथ उपार्जन केंद्रो में धान की बंपर आवक होगी। साधन संपन्न किसान खेतों से पानी सूखने के बाद अब हार्वेस्टर से धान कटाई करवाने में जुट गए है, वहीं धान रखने के लिए बाजार में बारदाने की पूछ परख बढ़ गई है। एक साथ लगभग फसल तैयार होने के बाद और धान खरीदी दो दिन बाद होने के कारण फसल की कटाई की सभी किसानों को जल्दी है, इसीलिए किसानों को मजदूर नहीं मिलने की बात सामने आ रही है। अंदरूनी गाँव के किसान पूरा परिवार मिलकर फसल कटाई में जुटे हुए है।



### मेहनत का फल सहेजने में जुटा पूरा परिवार

किसानों की इस पूरे सीजन की मेहनत का फल अब हाथों में आने ही वाला है। धान की फसल पककर तैयार हो गई है। अंतिम दौर में कई खेतों में धान के पौधे गिर गए हैं। ऐसे में किसानों को फसल कटाई में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। धान के पौधे खेतों में ही गिर जाएं, तो उन्हें हार्वेस्टर व अन्य आधुनिक मशीनों से काटना असंभव हो जाता है। इसके कारण किसानों को परम्परागत तरीके से कटाई करनी पड़ती है, इसमें ज्यादा मेहनत के साथ ही ज्यादा समय भी लगता है, जो अन्नदाता किसानों के लिए काफी चिंताजनक है।

### हाईटेक होती जा रही खरीदी व्यवस्था

धान खरीदी के लिए मेनुअल पद्धति को खत्म कर बायोमेट्रिक्टस मशीन के जरिए खरीदी हो रही है। किसानों को लाइन से निजात दिलाने ऑनलाइन टोकन बनाने मोबाइल एप भी सुविधा भी दे रही है। उपार्जन केंद्रों में इस बार बड़ा बदलाव इलेक्ट्रानिक वेट मशीन के रूप में देखने को मिलेगा। इससे किसानों से अधिक तौल को शिकायते रुकेगी।

### ऑनलाइन टोकन इस तरह बना सकेंगे

किसान को ऑनलाइन टोकन खाद्य विभाग की वेबसाइट या प्ले स्टोर से टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप डाउनलोड करना होगा। नया रजिस्ट्रेशन के लिए किसान को अपना कोड डालना होगा। किसान कोड दर्ज करने के बाद किसान का नाम रकबा, विपणन वर्ष की जानकारी स्क्रीन पर नजर आएगी, जिसके बाद किसान को मोबाईल नंबर दर्ज करना होगा, उसके बाद आपको ओटीपी प्रविष्ट करने का ऑप्शन दिया गया है। इसके बाद आपको अंकों का अपने मन से पिन दर्ज करना है और रजिस्टर करें, फिर क्लिक करें। यह पिन किसान को याद रखना होगा।

# रिश्तेदारों की विदाई करने की बात को लेकर परिजनों में हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- दोनों पक्षों ने थाने में की शिकायत
- पुलिस ने दर्ज किया काउंटर केस

कोरर थानांतर्गत पदमपुर में एक ही परिवार के सदस्यों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। घटना के बाद दोनों पक्ष थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनकर काउंटर केस दर्ज किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पदमपुर निवासी नोहर सिंह गावड़े पिता स्व. रामलाल गावड़े ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता रामलाल का निधन 4 नवंबर को हो गया, जिसका अंतिम कार्यक्रम 11 नवंबर को था। शाम को 6 बजे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मेहमानो के बिदाई कि बात को लेकर रमेश कांगे, त्रिवेणी बाई, तीजो बाई के साथ आपस में बात कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी करण गावड़े, बृज कांगे, हरिओम गावड़े, कमल नुरूटी ने एक राय होकर गाली दिया और हाथ मुक्का से मारपीट किया। मेरी पत्नी अनिता गावड़े के मुंह को बृज कांगे दबा दिया और पंकज ने अपने हाथ में रखे हंसिया को मेरे पत्नी के हाथ के कलाई में रखा। सिर के बाल को भी पकड़कर खींचा, जिससे पत्नी के कपड़े भी सरक गया था। संदीप गांवडे ने मेरी पत्नी के सीने में चढ़कर गला को दबा दिया था। मेरा लड़का लाकेश गावड़े झगड़ा को शांत कराने आया तो उसके साथ भी हाथ मुक्का से मारपीट किए है। पत्नी गला में माला पहना हुआ था, जो झगड़ा के दौरान कई गुम गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 333 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

दूसरे पक्ष से पदमपुर निवासी रामनाथ गावड़े पिता स्व. सुखराम गावड़े ने पुलिस को बताया कि मेरा बड़ा भाई रामलाल का 4 नवंबर को निधन हो गया था, जिसका अंतिम कार्यक्रम 11 नवंबर को रखा गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद घर के आंगन में मेरी बड़ी बहन महाबती ने दामाद रमेश कांगे को बोली की रिश्तेदार आए है उनको बिदाई कर दिए क्या, तब रमेश ने महाबती को बोला की अभी तक तुम कहाँ थे। उसी समय नोहर गावड़े आया और शेष पेज 08 पर

# पति ने काउंसलिग की बात को लेकर पत्नी से की मारपीट

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कन्हारगांव की महिला के साथ आरोपी ने काउंसलिंग में जाने की बात को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे की राड से जमकर पिटाई कर दिया। पति की पिटाई से पत्नी घायल हो गई। पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। थाना में शिकायत करने पहुंची कन्हारगांव निवासी 25 वर्षीय अंजली मानिकपुरी पति जितेन्द्र मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी एवं गृहणी का काम करती हूं। पति-पत्नी के प्रकरण में कांउसलिंग बयान दर्ज कराने के लिए 11 नवंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर गई थी। मेरे पति कांउसलिंग में नहीं गया था। फिर कांकेर से अपने घर ग्राम कन्हारगांव शाम करीबन 5 बजे वापिस आई। रात 8 बजे मेरे पति शराब के नशे में आकर मुझे कांउसलिंग में जाने की बात को लेकर गाली देने लगे। गाली देने से मना करने पर हाथ मुक्का व लोहे की राड से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया है। मेरे पति द्वारा मुझसे मारपीट करने से मेरे दोनों हाथ, नाक, गला व सिर मे चोट लगी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



रिपोर्ट पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

# भाजपा कांकेर ग्रामीण मंडल की आज होगी कार्यशाला





**कांकेर।** भाजपा संगठन चुनाव महापर्व के अन्तर्गत कांकेर ग्रामीण मंडल की कार्यशाला 13 नवंबर बुधवार को सुबह साढ़े 11 बजे माकड़ी ग्राम के माकड़ी चौक टीना शेड में मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई है। जिसमें मंडल पदाधिकारी, मंडल में निवासरत प्रदेश व जिला पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सह संयोजक व बूथ अध्यक्ष, सभी मोर्चा व प्रकोष्ठ अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक व महामंत्री, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, संगठन पर्व शक्ति केंद्र के सहयोगी सह सहयोगी और बूथ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय जानकारी भाजपा ग्रामीण मंडल के महामंत्री प्रकाश चंद्र निषाद एवं द्वारका साहू ने दिया है।

# चारपहिया वाहन की टक्कर से दोपहिया सवार दो हुए घायल

- चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** बयानार और डोंगरकट्टा के बीच मुख्य सड़क में चार पहिया और दो पहिया वाहन के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर में दोपहिया वाहन में सवार दो लोगों को गंभीर चोट आया। घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। शिकायत पर पुलिस ने चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे शंकर नगर मुल्ला निवासी 30 वर्षीय जितेन्द्र उइके पिता श्रीराम उइके ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूँ। वह 2 नवंबर को सुबह लगभग 7 बजे के आसपास मुझे फोन से जानकरी मिला कि मेरा भांजा तुषार देव कांगे एवं उसका साथी खुलेश कुमार कांगे दोनो कुर्रूटोला निवासी मोटर सायकल में सवार होकर कुर्रूटोला चारामा से ग्राम पोड़गांव आ रहे थे। ग्राम बयानार एवं डोंगरकट्टा के बीच मुख्यम मार्ग में सुबह लगभग 7 बजे वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएन 8705 से टकराकर एक्सीडेंट हो गया है। जानकारी मिलने पर भांजा तुषारदेव शेष पेज 08 पर



ज्योतिष में यह बड़ी घटना, दुनिया और प्रत्येक राशि पर पड़ेगा प्रभाव

# शनिदेव तीन दिन बाद से कुंभ में चलेंगे सीधी चाल, प्रभाव देखने को मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

न्याय के देवता शनि महाराज 15 नवंबर दिन शुक्रवार को शाम 7 बजकर 51 मिनट से कुंभ राशि में मार्गी होने जा रहे हैं। इस दिन से शनि देव कुंभ राशि में सीधी चाल प्रारंभ करेंगे, वे 30 जून से वक्री हैं। शनि के मार्गी होने से कुछ राशि के जातकों का तनाव बढ़ सकता है, क्योंकि उन पर साढ़ेसाती या ढैय्या का प्रभाव हो सकता है। इसके अलावा शनि के अशुभ प्रभाव के कारण इन राशि के लोगों की सेहत और धन के मामले में हानि उठानी पड़ सकती है।

ज्योतिषाचार्यो की मानें तो शनि मार्गी होने को ज्योतिष जगत में बहुत अच्छा माना जाता है। सभी ग्रह एक निश्चित अवधि के बाद सीधी या वक्री गति करते हैं, जिसका विभिन्न राशियों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। शनि वर्तमान में कुंभ राशि में वक्री है और इसी राशि में मार्गी होंगे। ज्योतिष शास्त्र के सिद्धांत के अनुसार क्रूर ग्रह वक्री महा क्रूरा यानी जब क्रूर ग्रह वक्री होते हैं, तो वह ज्यादा क्रूर हो जाते हैं। शनि वक्री होने पर लोगों को भयभीत करते हैं, लेकिन अब मार्गी होने के कारण लोगों के जीवन में सुख शांति की वृद्धि होगी। पंचांग के अनुसार शनि महाराज 15 नवंबर को सायं 7 बजकर 51 मिनट पर स्वराशि कुंभ में मार्गी होने जा रहे हैं। यह शनि गोचर हर राशि पर अलग-अलग प्रभाव डालेगा। मेष राशि के जातकों के लिए शनि का मार्गी होना शुभ परिणाम लेकर आने वाला है। वृषभ राशि वाले जातकों के भविष्य में सभी कार्य पूर्ण होंगे। शनि के मार्गी होने से कन्या राशि के जातकों को पुराने कर्जो से मुक्ति मिलेगी। शनि की सीधी चाल का कुंभ राशि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप सभी रुके हुए काम पूरे होंगे। शनि महाराज के मार्गी होने से 4 राशि वालों पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है, जिनमें तुला, धनु, मकर और मीन राशि है।




### ज्योतिष में यह बड़ी घटना

शनि मार्गी एक ऐसी घटना है, जिसमें शनि सीधा हो जाता है और प्रतिगामी गति से यात्रा करता है। यह एक बहुत बड़ी ज्योतिष घटना है और दुनिया और प्रत्येक राशि के लिए बहुत मायने रखती है। सावधानी नहीं बरतने पर जीवन में इसका प्रभाव सीधा पड़ता है।

### जहर खाने से युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत खैरवाही निवासी 28 वर्षीय पवन यादव ने अज्ञात कारणों के चलते जहर सेवन कर लिया। जहर शरीर में फैल जाने से 11 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे उसकी मौत हो गई। खैरवाही निवासी 23 वर्षीय प्रदीप यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था, जिसके कारण मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### साक्षरता शिविर का आयोजन

**कांकेर।** राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर गड़पिछवाड़ी कांकेर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के सचिव भास्कर मिश्र ने बच्चों को बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। इसके अलावा शिविर में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने, बच्चों को पढ़ाई और खेलने के लिए समय का सही उपयोग करने तथा उन्हें 'गुड टच, बैड टच' के संबंध में भी जानकारी दी गई, ताकि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सजग और जागरूक रहे।

### 10वीं-12वीं ओपन बोर्ड मुख्य एवं अवसर परीक्षा 14 से

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल कक्षा दसवीं एवं 12वीं की मुख्य एवं अवसर परीक्षा 14 नवंबर से आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन फार्म कांकेर जिले के विभिन्न विकासखंडों के 14 अध्ययन केन्द्रों में फार्म जमा किए गए थे। पात्र परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र ओपन परीक्षा मंडल से पहुंच चुका है, जिसे समस्त जिले के अध्ययन केंद्र से वितरित किया जा रहा है। कार्यालय समय में पहुंचकर परीक्षार्थी प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। ओपन परीक्षा दसवीं एवं बारहवीं के लिए जिले में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर एवं शाउमावि दुर्गुकोंदल को मुख्य केंद्र बनाया गया है। कांकेर जिला के समन्वयक एवं प्राचार्य अंजना श्रीवास्तव ओपन परीक्षा प्रभारी वाजिद खान ओपन के सहायक प्रभारी संदीप टेकाम ने उक्त जानकारी दी है।

# उत्तरी हवाओं का बढ़ेगा आगमन, नमी की मात्रा घटने से बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

■ अगले सप्ताह से ठंड पसारेगी पांव

उत्तर पूर्व से हवाओं का आगमन बढ़ने वाला है। इसके साथ ही अंचल में नमी की मात्रा में भी कमी आने की संभावना है। ऐसे में ठंड का प्रभाव शुरू हो सकता है। न्यूनतम तापमान के साथ ही अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी।

हालांकि पिछले दिनों की तुलना में मौजूदा समय में तापमान में कुछ गिरावट देखने को मिली है। इस वजह से बाहरी इलाकों में सुबह-सुबह हल्की ठंड महसूस होने लगी है। दिवाली त्यौहार बीत जाने के बाद भी अब तक अंचल में गुलाबी ठंड देखने को नहीं मिली है। हालांकि अलसुबह और देर रात ठंडी हवाएं चलने का दौर शुरू हो गया है, लेकिन अब भी दिन के अधिकांश समय ठंड गायब है। ऐसे में लोगों का भी ठंड को लेकर इंतजार बढ़ने लगा है।

इस बीच मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 15 नवंबर के बाद से अंचल में ठंड का असर बढ़ सकता है। अगले सप्ताह से तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो जाएगा और ठंड बढ़ेगी। प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह धुंध छाने लगी है और रात को भी ठंड का अहसास होने ने लगा लगा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पांच दिन-रात के तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। उसके बाद ठंड का दायरा बढ़ने लगेगा।

## न्यूनतम के साथ अधिकतम तापमान में आएगी गिरावट

### रात का पारा लुढ़का

कांकेर जिले में भले ही ठंड अभी पूरी तरह से अपने रंग में ना आई हो, लेकिन यहां रात का तापमान लुढ़कना शुरू हो गया है। 3 नवंबर को अंचल में न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के करीब था, जो अब गुरुवार को 19 डिग्री पर आ गया है, वहीं अधिकतम तापमान भी 34 डिसी से नीचे आकर 31 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। इसमें एक सप्ताह बाद और गिरावट देखने को मिल सकती है।



### नमी की मात्रा ने रोकी ठंड

मौसम विभाग के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार मौजूदा समय में प्रदेश के अधिकांश इलाकों में नमी की मात्रा अधिक बनी हुई है। इसके साथ ही अंचल में आने वाली हवाओं की दिशा भी पूर्वी है। ऐसे में ठंड का एहसास नही हो रहा है। हालांकि आने वाले दिनों में नमी की मात्रा में कमी आने के बाद ठंड चढ़ने लगेगी और रात के साथ ही दिन में भी ठंड महसूस होगी। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर के ठंड बढ़ने का अनुमान है।

## आयोजन : खिलाड़ी खेलभावना के साथ खेलें - कलेक्टर

# बस्तर ओलंपिक - 2024 कांकेर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ, 15 को होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

बस्तर ओलंपिक 2024 के तहत 12 नवंबर को कांकेर ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आगाज हो गया। कांकेर विकासखंड के ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुर के खेल मैदान में हुआ, यह आयोजन 15 नवंबर तक चलेगा।

कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर संभाग के खिलाड़ियों में खेल की उत्कृष्ट प्रतिभा छिपी हुई है और यदि उन्हें उचित अवसर एवं प्रशिक्षण मिले तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने का आग्रह किया। कलेक्टर ने यह भी बताया कि आने वाले महीनों में यहां एथलेटिक ट्रैक का निर्माण शुरू होगा, जिसकी शासन द्वारा स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके अलावा एक सिंथेटिक फुटबॉल ट्रैक भी आगामी एक वर्ष के भीतर तैयार हो जाएगा। कलेक्टर ने यह भी कहा कि यदि किसी खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय या अंतराष्ट्रीय स्तर पर होता है तो उसकी ट्रेनिंग व व्यय का वहन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने सभी खिलाड़ियों को अपनी क्षमता का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए टीम स्पिरिट के साथ प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेने की बात कही।





कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रतिभागी युवक युवतियों के लिए पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने मैदान में जाकर खिलाड़ियों के साथ सेल्फी खिंचवाई और ट्रैक पर जाकर बच्चों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया।

### 13,667 आवेदन हुए पंजीकृत

उल्लेखनीय है कि जिले में बस्तर ओलंपिक के तहत कुल 13,667 आवेदन पंजीकृत हैं, जिनमें विकासखंड अंतागढ़ में 1464, कांकेर में 2484, कोयलीबेड़ा में 2112, चारामा में 2033, दुर्गूकोंदल में 1714, नरहरपुर में 1927 और भानुप्रतापपुर में 1933 खिलाड़ी सम्मिलित हैं।

### ये रहे उपस्थित

ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के शुभारंभ अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, सदस्य ईश्वर कावड़े, गोविंदपुर के सरपंच, एसडीएम कांकेर अशोक मार्बल, जनपद सीईओ अश्विनी यादव और खेल अधिकारी संजय जैन उपस्थित रहे।

# अंचल में धूमधाम से मना देवउठनी पर्व, बाजारों में खूब बिका गन्ना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

सनातन धर्म में देवउठनी एकादशी व्रत का विशेष महत्व है। यह त्योहार पूरे देश में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। देश के इस ऐतिहासिक और अनोखे आयोजन को लेकर दुर्गुकोंदल अंचल के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। बाजार में गन्ना खरीदकर तुलसी विवाह का मंडप बनाने का उत्साह देखते ही बन रहा था।

अंचल में सुबह से गन्ने की खूब बिक्री हुई, जिसे देखे वह गन्ने घर ले जाते हुए दिखाई दिया। लोगों ने उत्साह के साथ गन्ने की खरीदी की। त्यौहारों में लगने वाले प्रसाद में चनाभाजी, बेर, आंवला, श्रृंगार सामान, शंकर कांदा, सिंघाड़ा, कमलगट्टा, खोखमा आदि की बिक्री देर शाम तक होती रही। पर्व में अपने घरों के बाहर व तुलसी चौरा के पास रंगोली सजाई। लोगों ने अपने घरों के बाहर दीप प्रज्वलित कर सजाया। इस दिन से शुभ कार्य शादी-विवाह और अन्य मांगलिक कार्य का शुरूआत हो जाता है। देवउठनी एकादशी का खास महत्व इसलिए है, क्योंकि इस दिन भगवान विष्णु चार माह के विश्राम के बाद जागते हैं और तुलसी विवाह संपन्न होता है।




■ घरों के बाहर रंगोली डाल दीप प्रज्वलित कर सजाया

विदित हो कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी को भगवान विष्णु शयन में चले जाते हैं, जिसे देवशयनी एकादशी कहा जाता है,इसके चार माह बाद, कार्तिक शुक्ल एकादशी को भगवान जागते हैं, जिसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन से ही सभी शुभ और

### हुआ तुलसी विवाह

देवउठनी एकादशी के दिन गन्ने का विशेष महत्व होता है।इस दिन तुलसी चौरा के ऊपर गन्ने का मंडप बनाया जाता है, जो एक प्रतीकात्मक मंडप होता है। गन्ने के मंडप के नीचे भगवान सालिग्राम (भगवान विष्णु का प्रतीक) और तुलसी माता का विवाह किया जाता है।

## विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आज होगा शुभारंभ

**दुर्गुकोंदल।** बस्तर ओलंपिक का आयोजन विकासखंड दुर्गुकोंदल में 13 नवम्बर से शुभारंभ होगा और इस प्रतियोगिता में विकासखंड से 1 हजार 714 खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजित प्रतियोगिता के बारे में जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि विकासखंड स्तर पर प्रत्येक 10 से 12 पंचायतों का समूह बनाकर प्रतिदिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 10 से 12 पंचायत में जो खिलाड़ी विजेता अथवा प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे, वह अगले राउंड में प्रवेश करेंगे, जो सेमीफाइनल राउंड होगा। विकासखंडों में लगातार चार से पांच दिनों तक प्रतियोगिताएं संपन्न होगी और विजेता खिलाड़ी टीम अगले राउंड सेमीफाइनल और फिर फाइनल में प्रवेश करेंगे। फाइनल के विजेता अपने विकासखंड से जिला स्तर पर भाग लेंगे।

## दो दिवसीय आयोजन के लिए तैयारियां पूर्ण

# सेंट माइकल हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया जाएगा स्वर्ण जयंती समारोह

**कांकेर।** जिला का ही नहीं बल्कि बस्तर संभाग के सबसे पुराने शिक्षण संस्थानों में से एक सेंट माइकल हायर सेकेंडरी स्कूल अपने स्वर्ण जयंती समारोह 13 और 14 नवंबर को करने जा रहा है। यह स्वर्ण जयंती वर्ष विद्यालय और उसके छात्रों, कर्मचारियों तथा पूर्व छात्रों के लिए अभूतपूर्व गर्व का क्षण है जो 50 वर्षों की शैक्षिक उत्कृष्टता और सामुदायिक निर्माण का प्रतीक है। जानकारी के अनुसार यह विद्यालय 1974 से अपनी सेवाएं कांकेर के निवासियों को समर्पित कर रहा है। एक समय में जब आज के बराबर संसाधनों की उपलब्धता नहीं थी। समग्र शिक्षा और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध यह स्कूल इस ऐतिहासिक उपलब्धि को चिन्हित करने के लिए कई कार्यक्रमों की मेजबानी करता रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 13 नवंबर को बहुप्रतीक्षित पूर्व छात्र मिलन के साथ होगी। इस दिन विभिन्न बैचों के पूर्व छात्रों का स्वागत किया जाएगा। जिसके बाद विशेष रूप से उनके लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### पुरानी यादें होंगी ताजा




यह पूर्व छात्रों के लिए एक-दूसरे से मिलने, पुरानी यादों को ताजा करने और अपने विद्यालयीन दिनों को फिर से जीने का अवसर होगा। 13 नवंबर को शाम 6 से 8 बजे तक पूर्व छात्रों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें संगीत, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियां शामिल होंगी। अगले दिन 14 नवंबर को विद्यालय के वर्तमान छात्रों द्वारा एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम साढ़े 5 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य प्रस्तुतियां शामिल होंगी। यह संध्या विद्यालय की रचनात्मकता और प्रतिभा को शैक्षिक उपलब्धियों के साथ जोड़ने की परंपरा को प्रदर्शित करेगा। इस दिन का एक विशेष आकर्षण 1974 के प्रथम बैच के छात्रों का सम्मान होगा, जो समाज में उनकी यात्रा और योगदान को मान्यता देगा। इस शाला के कई पूर्व छात्र-छात्राएं आज विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं जिनमें उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी और सफल उद्यमी शामिल हैं।

# भाजपा भानुप्रतापपुर मंडल और शक्ति केंद्र संगठन चुनाव कार्यशाला में दिए गए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

भाजपा प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देश पर 12 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर की बैठक यादव सामुदायिक भवन में हुआ। शक्ति केंद्र के बूथ स्तर पर चुनाव के परिपेक्ष में कार्यशाला कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा कि आप सभी के अथक मेहनत का नतीजा है कि हम मंडल में ऑनलाइन व ऑफलाइन सदस्यता बना रहे हैं। हम सब अपने-अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं और नए सदस्यों को सक्रिय बनाने के लिए हर वर्ग के पास घर-घर जाकर लोगों से मिलकर प्राथमिक सदस्य बना रहे हैं। आप लोगों के पास अभी 15 नवंबर तक 3 दिन का समय शेष है, प्राथमिक सदस्यता जोड़ने का काम कर सकते हैं। अभी तक भानुप्रतापपुर मंडल में 73 सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। मेरे मंडल अध्यक्ष कार्यकाल के दौरान शक्ति केन्द्रो के बूथों में विस्तारको के द्वारा सशक्ति करण अभियान, 66 मतदान केन्द्रो पर गांव चलो अभियान, अल्पकालीन विस्तार शक्ति केन्द्रो में चालबो गौठान खोलबो पोल, मंडल प्रवास प्रदेश जिला पदाधिकारी के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मंडल संगठन चुनाव पर्व सह प्रभारी जिला भाजपा कार्यालय मंत्री रत्नेश सिंह ने कहा कि हमें मंडल के 14 शक्ति के हर वर्ग के लोगों को जोड़ना है। आप लोग अच्छा मेहनत कर रहे हैं। हमें आने वाले समय के लिए नई टीम बनानी है। हर वोट में शक्ति केदो में महिलाओं और युवा वर्ग को विशेष कर भारतीय जनता पार्टी से जोड़ना है। पार्टी की रीति नीति से अवगत कराना है। मुख्य वक्ता मंडल संगठन पर्व चुनाव प्रभारी ने कहा कि हम जिनके बल पर पूरे देश में राज करते हैं, ऐसे प्रत्येक बूथ के अध्यक्ष का चुनाव करना है। उन्ही बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में बूथ पर पूरे योजनाओं को क्रियान्वित करने तथा अन्य दलों के साथ लड़कर बूथ को जीतने के लिए हमेशा तात्पर्य के साथ काम करने वाले बूथ अध्यक्ष व उनकी टीम का चुनाव कार्य को संपन्न करना है। जितने भी शक्ति केंद्रो के संगठन पर चुनाव के प्रभारी सह प्रभारी बने हुए हैं, उनको संगठन का चुनाव को पूरी जिम्मेदारी के साथ समय पर पूरा करने का आग्रह किया है।



### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला बैठक में छत्र प्रताप दुग्गा, टीकम डांडिया, निखिल सिंह राठौर, ज्वाला प्रसाद जैन, डिगेश खापर्डे, अरविंद जैन, हेम सोनवानी, ललित गांधी, हेम प्रकाश शिवहारे, सतीश श्रीवास्तव, रजिन्दर रंधावा, राजीव श्रीवास, अभय पांडे, कस्तूरचंद जैन, संकेत नशीने, भीखम आर्दे, कुंदन साहू, अनीश मिश्रा, जितेंद्र पांडे, भागबल्ली जैन, जग्गा नरेटी, जयराम गावड़े, मनु राम परचापी, सुरेंद्र जैन, राममिलन शोरी, अनीश मिश्रा, सुरेश प्रजापति ,राहुल सिंह धुन्ने, रितेश टांडिया, चैतूराम आंचला, लक्ष्मण कुलदीप, अनिल कुमार सिंह, कुशल राम गावड़े, छबिलाल जैन, ऋषि राज हुर्रा, जुगल किशोर शर्मा, हरीश कुमार यादव, सचिन दुबे, ज्ञान सिंह गौर, योगेश सोनवानी, धर्मेंद्र रावटे, संतोष बाजपेई, प्रेम विश्वकर्मा, सर्वजीत विश्वास, राममिलन साहू, बाल सिंह पुजारी, संतोष श्रीवास, जोधन कुमार, सन्तु नुरेटी, वसंत कुमार यादव, मनीष साहू, कमलेश गावड़े, मनोज रावटे, सरिता जोशी, संगीता डांडिया, जयवती मंडावी, जीवराखन सलाम, रमल सिंह कोर्राम, जगन्नाथ साहू, रवि ठाकुर, कैलाश चंद्र दुग्गा, कन्हैया मंडावी, योगेंद्र यादव, शैलेंद्र व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रेमी युगल ने जंगल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भानुप्रतापपुर।** प्रेमी युगल ने जंगल मे पहुँचकर एक पेड़ में अलग अलग दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या किया। भानुप्रतापपुर से लगे मिचीपारा गांव के जंगल में लगभग 2 किमी. दूर युगल जोड़े ने फांसी लगा लिया। लाश 2 दिन पुराना दिख रहा है, दोनों को शुक्रवार को देखा गया था। इसके बाद नहीं देखा गया था। जानकारी के अनुसार युवक मिर्चीपारा मुल्ला निवासी 22 वर्षीय मेहतर यादव और युवती डौण्डी थानांतर्गत ग्राम साल्हे निवासी 19 वर्षीय ज्योति गावड़े का आपस मे प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक युवती 2 नबंवर को घर से निकली थी और वापस नहीं आई। इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट डौण्डी थाना में दर्ज कराई गई है, वही युवक अपने मामा के गांव कुडाल में रहता था। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने बताया पेड़ में युवक-युवती का शव मिला है, पंचनामा बनाकर पीएम कराकर शव परिजनों को सौप दिया है। इसकी जांच की जा रही है, जाँच के बाद आत्महत्या के कारण का खुलासा हो सकेगा।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

# वीडियो बनाकर वायरल करने वाला युवक पुलिस हिरासत में

**कांकेर।** महिला के साथ छेड़छाड़ कर वीडियो वायरल करने वाला आरोपी को पखांजुर पुलिस ने 24 घंटा के अंदर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। आरोपी द्वारा पीड़ित महिला का लज्जा भंग करने के उद्देश्य से वीडियो बनाया था। पीड़िता 11 नवंबर को पखांजुर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि 10 नवंबर को शाम साढ़े 7 बजें आरोपी पीव्ही 3 शारदानगर निवासी गोस्टो डाकुआ पिता सत्यरंजन डाकुआ के द्वारा लज्जा भंग करना, अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 205/2024 धारा 77, 78, 79 बीएनएस 66 (ड) 67 (A) आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी आईके ऐलेसेला के निर्देशन,एएसपी पखांजुर प्रशांत शुक्ला, एसडीओपी पखांजुर रवि कुमार कुजुर तथा थाना प्रभारी पखांजुर निरीक्षक लक्ष्मण केंवट के मार्गदर्शन में पीड़ित महिला का वीडियो बनाकर वायरल करने वाले आरोपी 25 वर्षीय गोस्टो डाकुआ पिता सत्यरंजन डाकुआ को 12 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक तरूण कुमार, उप निरीक्षक रामचन्द्र साहू, एएसआई विजय कुलदीप, प्रधान आरक्षक दाऊलाल सूर्यवंशी, आरक्षक तुलसी मण्डावी का योगदान रहा।









